हाइवे किनारे अतिक्रमण, मनमुताबिक डिवाइडर काटकर बना लिया रास्ता

नवभारत न्यूज

बैतूल, 3 जनवरी. नेशनल हाईवे पर लोगों ने अपनी सुविधाओं के अनुसार डिवाइडर को तोडकर रास्ता बना लिया है। कई लोगों ने तो सडक किनारे अतिक्रमण तक कर लिया है।

एनएचएआई ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मांगा सहयोग

सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार पर जोर

इन लापरवाहियों से भविष्य में बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए अब एनएचएआई ने सख्त रूख अपना लिया है। एनएचएआई के अधिकारियों ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने और अवैध रास्तों को बंद करने के लिए सहयोग का अनुरोध किया है। दरअसल राष्ट्रीय राजमार्ग-46 (इटारसी-बैतूल) और इंदौर-बैतूल नेशनल हाइवे-47 पर लोगों ने अपनी सुविधाओं के अनुसार डिवाइडरों को तोडकर रास्ता बना लिया है।

जहां से दोपहिया वाहन आसानी से एक लेन से दूसरी लेन पर पहुंच रहे है। ऐसे में इन मीडियन कट पर हमेशा हादसो का खतरा बना रहता है और बार लोगों की यहीं लापरवाही के कारण वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके है। लेकिन अब एनएचएआई ने ऐसे अवैध मीडियन कट और अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग मांगा है।

ऐसे मामलों में कार्रवाई का प्रावधान : पत्र में यह भी बताया गया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग (भूमि एवं यातायात) नियंत्रण अधिनियम 2002 की धाराओं 24, 26, 27 एवं 31(2) के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अनिवार्य है। एनएचएआई ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति किए गए अतिक्रमण एवं अवैध कट न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि ये गंभीर सडक हादसों का कारण भी बनते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाही का प्रावधान है। पत्र में स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग से सहयोग लेकर प्रभावी रूप से अतिक्रमण हटाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने का आग्रह किया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो भविष्य में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ सकती है। इसलिए जनहित और सडक उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कार्रवाही जरूरी है। ताकि भविष्य में हादसों का अंदेशा कम रहे।

> राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण और अवैध मीडियन ओपनिंग सडक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। जिला प्रशासन के सहयोग में इन्हें हटाकर सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिवामण हटाने के लिए कलेक्टर को भी पत्र लिखा है।
>
> **- मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई**

अतिक्रमण कर बना लीं दुकानें और ढाबे

एनएचएआई ने जिला प्रशासन को लिखे पत्र में बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दोनों राष्ट्रीय राजमार्गो के राइड ऑफ़ वे क्षेत्र में बड़ी संख्या में अस्थाई और स्थाई अतिमक्रण है। इसमें दुकानें, ढाबों, निर्माण सामग्री के ढेर, सर्विस रोड पर खड़े वाहन तथा अवैध कट शामिल है। इससे सडक सुरक्षा प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। प्राधिकरण के अनुसार सडक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध मीडियन ओपनिंग को बंद करना आवश्यक है। इसके अलावा भविष्य में दुर्घटनाओं की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिन लोगों ने हाइवे किनारे अवैध रूप से निर्माण या मटेरियल डालकर रखा है, उन्हें भी हटाना अतिआवश्यक है। इसके लिए पूर्व में भी जिला प्रशासन एवं राजमार्ग प्राधिकरण के बीच समंवय किया गया था।

हाइवे बनने से वाहनों की रफ्तार में आई तेजी

राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बाद सडकों पर ट्रैफिक बढ़ गया है। इसके अलावा वाहनों की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में यदि कोई अचानक सामने आता है तो दुर्घटना होना तय है। बताया जाता है कि लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार डिवाइडर को तोडकर रास्ता बना लिया है। जिससे एक लेन से दूसरे लेन पर पहुंचते हैं। डिवाइडर तोडकर बनाए गए रास्ते से दो पहिया और चार पहिया वाहन भी निकलते हैं। इस दौरान थोडी सी लापरवाही हादसे का कारण बनते जा रही है। कई जगहों पर वाहन चालक डिवाइडर पर गाडी चढ़ाकर एक से दूसरी ओर आते-जाते है। इस दौरान हाइवे से तेज गति से गुजरने वाले वाहनों से टक्कर होती है। सबसे अधिक घटनाएं रात के समय होती है। डिवाइडर के बीच से बाइक सहित अन्य वाहन निकालने के दौरान हाइवे से गुजरने वाले वाहनों की गति का अंदाजा नहीं लग पाता है। डिवाइडर से हाइवे पर वाहन पहुंचते ही टक्कर हो जाती है।

एक नजर में

प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए किया सुंदरकांड

मुलताई। मां ताप्ती की उदगम स्थली में नदी एवं ताप्ती के जलमार्गो में गंदगी और अतिक्रमण से परेशान ताप्ती भक्तों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। भक्तों ने प्रशासनिक अधिकारियो को सदबुद्धि देने मुख्य मार्ग पर स्थित ताप्ती की प्रथम पुलिया पर सार्वजनिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। इस दौरान ताप्ती मंदिर के मुख्य पुजारी सौरभ जोशी, गोलू उघडे, डीके कालभोर, घनश्याम सोनी सहित भक्तो ने बताया ताप्ती सरोवर और ताप्ती नालों की सफाई कई महीनो से नही हुई है। आसपास के घरों का दूषित पानी सीधे ताप्ती नालो में छोड़ा जा रहा है, जिससे पवित्र नदी का जल प्रदूषित हो रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँच रही है।वहीं ताप्ती नदी पर कई लोगो द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं डे रहा है। जिससे नाराज ताप्ती भक्तों ने शांतिपूर्ण और धार्मिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया एवं सुंदरकांड का यह सार्वजनिक पाठ कर प्रशासन को सदबुद्धि देने की भगवान से प्रार्थना की है।

पवित्र नगरी में 3 दिवसीय ताप्ती महोत्सव 14 से

मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में प्रदेश के संस्कृति संचालनालय द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से टीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस बार नगर में म 14 से 16 जनवरी तक तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति संचालनालय की ओर से जारी पत्र में बताया पहले दिन 14 जनवरी को अमतधारा ताप्ती नत्य-नाटय प्रस्तति और भक्ति संगीत का आयोजन होगा। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी (मुंबई) सूत्रधार के रूप में रहेंगी, जबकि निर्देश उमेश तरकसवार करेंगे। इस दिन सुरभी चतुर्वेदी एवं ग्रुप (राजस्थान) और संजय श्रीवास्तव एवं ग्रुप (भोपाल) अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 80 कलाकार भाग लेंगे। दूसरे दिन 15 जनवरी को इंडियन आइडल फेम अरुणिता कांजीलाल ग्रुप संगीत की प्रस्तुतियां देंगी। इसमें देवकरण पोरवाल और साथी (देवास) भी अपनी प्रस्तुति देंगे।महोत्सव के अंतिम दिन 16 जनवरी को कवि सम्मेलन और मालवी लोक गायन का आयोजन किया जाएगा।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण हुआ संपन्न

बैतूल। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में 17 दिसंबर से 31 दिसंबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत जिले के 14,640 पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा पशुपालन से संबंधित आवश्यक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक पशुपालन सुरजीत सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाना है। इसके लिए पशुपालकों को तीन प्रमुख स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक किया गया। पशु स्वास्थ्य के अंतर्गत सभी आवश्यक टीकाकरण कार्यों की जानकारी दी गई, वहीं पशु पोषण में कृमिनाशक औषधियों के उपयोग से पशुओं के पेट में मौजूद कृमियों के नाश पर बल दिया गया। साथ ही हरा चारा जैसे नेपियर घास, साइलेज, ज्वार, मक्का, चरी, बरसीम एवं लूसर्न खिलाने से दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में वृद्धि होने की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पशुपालकों को बताया गया कि नस्ल सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में सेक्स्ड सॉर्टेड सीमन उपलब्ध है। पशुपालकों से अनुरोध किया गया कि वे इसी सीमन से नस्लवार कृत्रिम गर्भाधान कराएं। इससे नस्ल सुधार के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होती है और पशुपालकों को आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। उप संचालक डॉ. सुरजीत सिंह द्वारा पशुपालकों से संवाद के दौरान पशु नस्ल सुधार, पोषण, स्वास्थ्य एवं उससे होने वाले आर्थिक लाभों पर विस्तार से समझाइश दी गई। इस अवसर पर प्रगतिशील पशुपालक दिनेश खाडे भी निरीक्षण दल के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने गृह भेंट के दौरान उन्नत पशुपालन से आय एवं लाभ अर्जन के तरीकों पर पशुपालकों को प्रेरित किया।

अनियंत्रित होकर बाइक गिरी, दो की मौत

बैतूल। सारणी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। पिपरी गांव के दो दोस्तो की ओवर स्पीडिंग के कारण बाइक अनियंत्रित होने से मौत हो गई। घटना धंसेड विक्रमपुर घोघरी के पास हुई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। मृतकों की पहचान पिपरी निवासी शुभम पिता कानूलाल (22) और श्याम पिता अशोक गंजाम (18) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही बाइक से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान विक्रमपुर घोघरी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल घोड़ाडोंगरी अस्पताल ले जाया गया। घोड़ाडोंगरी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद श्याम की हालत नाजुक होने पर उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही श्याम ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मृतक श्याम का पोस्टमॉर्टम शनिवार को परिजनों की उपस्थिति में बैतूल जिला चिकित्सालय में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दूसरे मृतक शुभम का पोस्टमॉर्टम घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है। रानीपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के मुताबिक, घटना सारणी थाना क्षेत्र में हुई है, लेकिन मृतक रानीपुर क्षेत्र के निवासी थे।

प्लांट की 250 मेगावाट क्षमता वाली इकाई हुई लाइटअप

सारनी। 250 मेगावाट क्षमता वाली 11 नंबर इकाई बायलर ट्यूब में लीकेज होने की वजह से 30 दिसंबर को बंद हो गई थी। उक्त इकाई का सुधार कार्य पूरा होने के बाद 3 जनवरी को सिंक्रोनाइज (लाइटप) हुई है। देर रात्री में 11 नंबर इकाई लोड आ गई है। बडी इकाई शुरू हो जाने से सतपुड़ा के बिजली उत्पादन में सुधार आया है। गौरतलब है कि सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट सारणी में 250-250 मेगावाट क्षमता की दो बिजली इकाई है। इसमें से 11 नंबर इकाई संधारण कार्य के बाद से लगातार बार-बार तकनीकी कारणों से ट्रिप हो रही है। जिसके चलते बिजली उत्पादन प्रभावित होने के साथ-साथ सतपुड़ा के परफॉर्मेंस पर भी असर पड़ रहा है। 2 जनवरी को रात करीब 11.00 बजे 11 नंबर इकाई लाइट अप की गई। जबकि 3 जनवरी को 5.35 बजे बिजली इकाई सिंक्रोनाइज हुई है।

नपा अध्यक्ष ने दिए जल स्त्रोतों की सफाई के निर्देश

मुलताई। इंदौर में हाल ही में हुई घटना में 16 लोगो की दूषित पेयजल पीने से हुई मौत के बाद अब मुलताई नगर पालिका प्रशासन सतर्क हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर ने शनिवार की जल प्रदाय शाखा के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर नगर के सभी जल स्त्रोतों को साफ़, सुरक्षित एवं उपयोग योग्य बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सभी जल स्त्रोतों की नियमित सफ़ाई कराए जाने और उनमें किसी भी प्रकार की गंदगी या अवरोध न रहने दिया जाए साथ ही जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा की जल स्त्रोतों की देखरेख में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिससे नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मिल सके और भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना न हो। सीएमओ वीरेंद्र तिवारी ने आश्वासन दिया कि नगर पालिका की टीम द्वारा शीघ्र ही सभी जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

दो दिवसीय विशेष कीर्तन दीवान का शुभारंभ आज

बैतूल। सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल एवं सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के पावन आगमन प्रकाश पर्व के अवसर पर आज 4 जनवरी से गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, बैतूल में दो दिवसीय विशेष कीर्तन दीवान का शुभारंभ होगा, जो 5 जनवरी तक चलेगा। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध रागी जत्था बाबा कंवलजीत कौर मस्कीन मार्कंडे वाले द्वारा गुरबाणी कीर्तन की अमृतमयी प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अनुसार आज 4 जनवरी, रविवार को शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक रात्रि विशेष कीर्तन दीवान आयोजित होगा, जिसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर श्रद्धालुओं के लिए रहेगा। वहीं कल 5 जनवरी, सोमवार को प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कीर्तन दीवान होगा। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे से शाम 4 बजे तक गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा। सायंकाल शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक पुन: कीर्तन दीवान होगा, जिसके उपरांत दूध का लंगर वितरित किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरबजीत सिंह वालिया, संरक्षक सुरेंद्र पाल सिंह पोपली एवं साध संगत बैतूल ने सभी श्रद्धालुओं से आज और कल अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की अपील की है।

नवागत मुख्य अभियंता का किया सम्मान

सारनी। सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट के नवागत मुख्य अभियंता का सतपुड़ा ठेकेदार एसोसिएशन ने शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया है. यहीं दूसरी तरफ सेवानिवृत चीफ इंजीनियर विनोद कुमार कैथवार को बिदाई देते हुए शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। बताया जाता है कि कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अभियंता शैलेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता शैलेन्द्र कुमार, तत्कालीन मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता एवं श्रम कल्याण अधिकारी नरेश पनवार का भी फूल-गुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। सतपुड़ा एसोसिएशन संघ के पदाधिकारी ने बताया कि विगत 40 वर्षों से सतपुड़ा पावर प्लांट में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा नए मुख्य अभियंता के स्वागत एवं सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता की विदाई की परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवागत मुख्य अभियंता एसके लिल्होरे एवं सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार ने कहा कि सतपुड़ा के ठेकेदार सदैव प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं।

जिले में अब तक 2 .65 लाख से अधिक फार्मर आईडी तैयार

बैतूल। भारत सरकार द्वारा विकसित एग्रीस्टेक एक समग्र डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका उद्देश्य किसानों के लिए एक केंद्रीकृत डेटाबेस तैयार करना है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों की पहचान, भूमि अभिलेख, फसल विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ एकीकृत की जाती हैं, ताकि उन्हें ऋण, वैज्ञानिक सलाह, गुणवत्तापूर्ण बीज, बाजार तक पहुंच तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके। एग्रीस्टेक से कृषि मूल्य श्रृंखला को डिजिटल रूप से सशक्त करने के साथ-साथ कृषक हितेषी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। भारत सरकार के एग्रीस्टेक कार्यक्रम को प्रदेश में भी प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। केंद्र की अपेक्षाओं के अनुरूप फार्मर आईडी निर्माण तथा डिजिटल क्रॉप सर्वे में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिले में अब तक 2.65 लाख से अधिक फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी हैं। कृषि विभाग द्वारा प्रमुख कृषक-उन्मुख योजनाओं के हितग्राही घटकों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराते हुए एग्रीस्टेक से एकीकृत किया जा रहा है, जिससे किसानों को अपने गांव या मोबाइल फोन पर ही योजनाओं की जानकारी मिलेगी और बिना किसी कागजी कार्यवाही के आवेदन की सुविधा उपलब्ध होगी। शासन द्वारा खरीफ 2026 से सभी विभागीय हितग्राही मूलक कृषक-उन्मुख योजनाओं में सहायता/ अनुदान के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। जिले में शत-प्रतिशत पात्र कृषकों की फार्मर आईडी बनाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, ताकि खरीफ से सभी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाया जा सके।

यातायात 32 दिन तक रोकने के बाद 15 करोड़ का ट्रांसफॉर्मर पहुंचा सारनी

155 टन वजनी ट्राला एप्रोज मार्ग बनाकर टोल प्लाजा से हुआ रवाना

नवभारत न्यूज

सारनी, 3 जनवरी. लंबे समय से पांढरा टोल प्लाजा पर खड़े 145.5 टन के ट्रांसफॉर्मर को एप्रोच मार्ग से सुरक्षित निकाला गया है।

भारी भरकम ट्राला निकालने में दर्शन रोड लाइंस कंपनी, मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी के अलावा दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के इंजीनियर की अहम भूमिका रही है। बताया जाता है कि महाराष्ट्र के औरंगाबाद से मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की सारनी के लिए 145.5 टन का ट्रांसफॉर्मर 22 नवंबर को निकाला और 29 नवंबर को पांढरा के टोल प्लाजा पर रोक दिया था। औरंगाबाद से सारनी पहुंचने के लिए दर्शन रोड लाइंस प्राइवेट लिमिटेड मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट कंपनी है, जो 1972 से संचालन में है और भारी माल ढुलाई, प्रदर्शनी कार्गो और अन्य विशेष लॉजिस्टिक्स सेवाओं में विशेषज्ञता रखती है। बताया जाता है कि घोड़ाडोगरी से लेकर सारनी के बीच में जितनी भी पुलिया पड़ती है, उसकी डिजाइन 70 से 100 टन के वजन को सहने के हिसाब से तैयार किया गया है, लेकिन इस ट्रांसफॉर्मर और ट्राले का वजन निर्धारित डिजाइन की पुलिया से 75.5 टन अधिक होने और मध्यप्रदेश सड़क डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से इस वाहन को यहां से आगे जाने की अनुमति न दिए जाने के कारण यह 15 करोड़ का ट्रांसफॉर्मर पिछले एक माह से पांढरा टोल प्लाजा पर रोकने के बाद रवाना किया है। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ट्रांसपोर्ट कंपनी और मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सहयोग से एक सप्ताह में एप्रोच मार्ग का निर्माण करके एक माह दो दिन बाद 145.5 टन के इस ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के गेट क्रमांक 7 पर पहुंचा है।

> एमपीआरडीसी से इस वाहन को निकालने की अनुमति नहीं थी। इस वजह से यह गाड़ी एक माह दो दिन तक खड़ी रही। दिलीप बिल्डकॉन कंपनी ने पुलिया को नुकसान होने की संभावना व्यक्त की गई थी। इस वजह से अप्रोच मार्ग का निर्माण कराकर 31 दिसंबर को इस वाहन को सुरक्षित निकालने का काम किया है और जो भी कार्य हुआ है, वह अनुबंध के अनुरूप किया गया।
>
> **राजकुमार नागले, सहायक महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**

380 सुंदरकांड पाठ पूर्ण, मंडल का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

मुलताई, 3 जनवरी. पवित्र नगरी में धर्म, आस्था एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे सुंदरकांड मंडल गांधी चौक द्वारा शनिवार को 380 वें सुंदरकांड पाठ एवं सवामणी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद, माँ ताप्ती शाखा ने मंडल का सम्मान एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि धर्म प्रचार एवं भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखने हेतु सतत प्रत्येक शनिवार सुंदरकांड पाठ का आयोजन अत्यंत सराहनीय, प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय कार्य है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है।कार्यक्रम में परिषद् के सदस्य एवं विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला समन्वयक राजीव जैन, अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, सचिव कन्हैया सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप भार्गव सहित अभिषेक खंडेलवाल, देवेंद्र धोपाडे, नवनीत मंगरुलकर, मुकेश जैन, राहुल भार्गव, मितेंद्र खंडेलवाल, संदीप तारे, सुमित पंजाबी एवं परिषद् के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सुंदरकांड मंडल के सदस्यों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस धार्मिक अनुष्ठान को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन जय श्रीराम एवं जय हनुमान के जयघोष के साथ हुआ।